राजस्थान ने युवा इंटर्नशिप योजना समाप्त कर दी

चर्चा में क्यों?

नवनिर्वाचित राजस्थान सरकार ने 31 दिसंबर 2023 से 'राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशिप योजना' (RHYMES) को खत्म करने का फैसला किया है।

मुख्य बिंदु:

- वर्ष 2021-22 में शुरू की गई **इस योजना का उद्देश्य युवा स्नातकों को व्यावहारिक कार्य अनुभव प्रदान करना** और उन्हें अपने कौशल तथा ज्ञान को विकसित करने में सहायता करना है।
- इसके तहत प्रशिक्षुओं को विभिन्न सरकारी विभागों और एजेंसियों में रखा गया तथा उन्हें 10,000 रुपए तक का वजीफा दिया गया।
    - **इस कार्यक्रम के तहत लगभग 50,000 युवाओं को नामांकित किया गया था।**
- अर्थशास्त्र और सांख्यिकी विभाग के अनुसार, यह योजना **राजीव गांधी युवा मित्र (RYM) नामक बौद्धिक एवं स्व-प्रेरित युवाओं का एक समूह विकसित** करने हेतु लाई गई थी।
    - इस पहल का उद्देश्य **लोगों को शासन के विषय में शिक्षित करना** और सरकार में उनका विश्वास पैदा करना तथा यह सुनिश्चित करना है कि उनकी बुनियादी ज़रूरतें उनके दरवाजे पर पूरी हों।
- कुछ महत्त्वपूर्ण राज्य पहल योजनाएँ हैं:
    - मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना।
    - कौशल विकास पहल योजना (SDIS)।
    - पंडित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-scraps-youth-internship-scheme